आकाशवाणी केन्द्र शिमला
04.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दूध प्रोत्साहन योजना और परिवहन अनुदान योजना का किया शुभारंभ–अर्की विधानसभा क्षेत्र को दी 68 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की सौगात।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने ऑपरेशन सद्भावना के तहत भारतीय सेना की राष्ट्रीय एकता यात्रा को सीमांत क्षेत्रों के बच्चों के लिए बताया सराहनीय पहल।
- बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी के अनुसार प्रदेश में इस सेब सीज़न में अब तक 2 करोड़ 60 लाख सेब पेटियों का हुआ कारोबार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–कार्यवाहकों के भरोसे चल रही प्रदेश सरकार–जनता भुगत रही खामियाजा।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज सोलन ज़िला के अर्की विधानसभा क्षेत्र से दूध प्रोत्साहन योजना और परिवहन अनुदान योजना का शुभारंभ किया। दाड़लाघाट में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने दोनों योजना के तहत लाभार्थियों को 3 करोड़ रूपये से अधिक के लाभ डीबीटी के माध्यम से प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी वन सम्वर्धन योजना के तहत अर्की विधानसभा क्षेत्र के 8 स्वयं सहायता समूहों को 28 लाख 80 हज़ार रूपये और कामधेनु हितकारी मंच नम्होल के 10 प्रगतिशील दूध उत्पादकों को 34 लाख रूपये से अधिक के लाभ भी प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने ट्रक ऑपरेटरों की सुविधा के लिए तैयार की गई एक मोबाइल ऐप्प भी जारी की। इस मौके पर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत बनाने के लिए विशेष प्रयास कर रही है और किसानों से किए सभी वायदे निभाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की हर ग्राम पंचायत में दूध सहकारी समिति का गठन करने का लक्ष्य तय किया गया है जहां अधिक मात्रा में दूध उपलब्ध है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल और कृषि मंत्री चंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इससे पहले सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अर्की विधानसभा क्षेत्र में 68 करोड़ 42 लाख रूपये की लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए।

<u>राज्यपाल</u>

भारतीय सेना की राष्ट्रीय एकता यात्रा ऑपरेशन सदभावना के तहत जम्मू–कश्मीर के कठुआ ज़िले के गुज्जर और बकरवाल समुदाय के 25 बच्चों ने आज शिमला स्थित राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। राज्यपाल ने बच्चों से बातचीत में कहा कि दूरदराज व सीमान्त क्षेत्रों के बच्चों के लिए ऐसी शैक्षिक यात्राएं आयोजित करने की भारतीय सेना की पहल सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार की पहल जहां राष्ट्र एकता को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं वहीं बच्चों को देश की विविधता और विकास के बारे में जानने का मौका प्रदान करती है। उन्होंने बच्चों को लग्न से शिक्षा ग्रहण करने और देश की प्रगति में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

जगत नेगी

प्रदेश में सेब सीज़न में अब तक 2 करोड़ 60 लाख सेब पेटियों का कारोबार हो चुका है। इसके अलावा एमआईएस के तहत राज्य सरकार ने 80 हज़ार मिट्रिक टन सेब की खरीद की है। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने ये जानकारी देते हुए बताया कि आपदा में सड़कों को हुए नुकसान के बावजूद सेब की फसल को मंडियों तक पहुंचाया गया है। उन्होंने सेब को मंडियों तक समय पर न पहुंचाने के भाजपा के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि भाजपा हमेशा किसानों—बागवानों की विरोधी रही है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में देश में ऊर्जा और आत्मविश्वास का माहौल बना है जो 2047 के विकसित भारत की नींव तैयार कर रहा है। वे आज आईआईटी मंडी में कुल्हड़ इकोनॉमी थीम पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुल्हड़ इकोनॉमी थीम में मैक इन इंडिया व हिमाचल की सौंधी खुशबू है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कुल्हड़ इकोनॉमी का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें देश की अर्थव्यवस्था का सक्रिय हिस्सा बनाना है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी यही संकल्प है। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा के साथ—साथ साईंस में भारत की प्रगति में हिमाचल का महत्वपूर्ण योगदान है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नए भारत की निर्भीक छवि गढ़ी गई है और भारत ने पाकिस्तान के प्रॉक्सी वॉर को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से करारा जवाब दिया है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि व्यवस्था पत्तन की सरकार में सब कुछ भगवान भरोसे चल रहा है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि कार्यवाहकों के भरोसे ही कांग्रेस सरकार व्यवस्था को चलाना चाहती है जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में सरकार ने अपनी सुविधा के अधिकारियों को महत्वपूर्ण पदों पर कार्यवाहक के तौर पर तैनात किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी का मुखिया भी सरकार नहीं चुन पाई और कार्यवाहक के भरोसे ही प्रदेश चलाने की योजना बना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सेवानिवृत्त अधिकारियों को उच्च से उच्च रैंक देकर प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था पर बोझ डाला जा रहा है।

राजेश धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने आज घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के औहर में 10 लाख रूपये से अधिक की लागत से निर्मित वास्तविक समय पेयजल गुणवत्ता निगरानी प्रणाली का लोकार्पण किया। बाद में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये पहल जल संरक्षण और सुरक्षित पेयजल आपूर्ति की दिशा में प्रदेश सरकार का महत्वपूर्ण कदम है। धर्माणी ने कहा कि इस प्रणाली का जलस्रोत पवित्र रूकमणी कुंड की जलधारा से लाया गया है और यहां लगाए गए यूवी सिस्टम के माध्यम से पानी को वैज्ञानिक तरीके से शुद्ध किया जाता है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर ज़िले में स्थित रूकमणी कुंड केवल जल स्रोत नहीं बल्कि संस्कृति व धार्मिक विश्वास का प्रतीक है और सरकार इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। राजेश धर्माणी ने कहा कि औहर में करीब 2 सौ करोड़ रूपये की लागत से एक विशाल पर्यटन परिसर विकसित किया जा रहा है और भविष्य में यहां हैलीपोर्ट सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस बीच राजेश धर्माणी ने बिलासपुर में आयोजित ज़िला कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता की और सामाजिक कल्याण की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

मल्लिका नड्डा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा सेवा पखवाड़ा मना रही है। इसी कड़ी में आज भाजपा द्वारासोलन में राज्य स्तरीय दिव्यांग जन वं विशिष्ट व्यक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्पेशल ऑलपिंक भारत चैप्टर की अध्यक्षा डॉ. मल्लिका नड्डा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कार्यकम की अध्यक्षता की। मल्लिका नड्डा ने बताया कि स्पेशल ऑलपिंक लगातार दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए खेल प्रतियोगिताओ सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहा है ताकि दिव्यांग व्यक्तियों को मानसिक रूप से सक्षम रखा जाये। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वह दिव्यांगों के उत्थान के लिए उचित कार्य करे।

कार्यकम में प्रदेशभर के स्पेशल ऑलपिंक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले करीब 30 दिव्यांग खिलाड़ियों व उनके कोच को मल्लिका नड्डा ने सम्मानित किया।

पैंशनर

प्रदेश के पेंशनरों ने ज्वाइंट पेंशन फ्रंट बनाकर समय पर पेंशन न मिलने, 2016 से एरियर का भुगतान न होने, सहित मेडिकल बिलों का भुगतान न होने पर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। शिमला में आयोजित पेंशनरों की बैठक के बाद ज्वाइंट पेंशनर फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष आत्माराम शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पेंशनर को समय पर पेंशन नहीं मिल रही है और नए वेतनमान का एरियर भी 2016 से लंबित है।

*हिमाचल प्रदेश की जो सरकार है अगर मैं सिर्फ डीए की बात करूं तो 13 %डीए पहलेपेंडिंग था हमारा 3 % यूनियन गवर्नमेंट ने घोषणा कर दी है कल परसों और इस महीने सेंट्रल गवर्नमेंट जो एंप्लॉईज है उनको मिल रहा है 16%तो हमारा डीए ही हिमाचल प्रदेश के पेंशनर्स का और एंप्लॉईज का पेंडिंग है इसके अलावा हमारे जो पेंशनर 2016 और 22 के बीच के थे उनके जो बहुत सारा जो ड्यूज है ग्रेजुटी लीब एंड कैचमेंट वो पेंडिंग है और मेडिकल बिल बहुत सारे जो है हमारे करोड़ों में पेंडिंग पड़े हुए हैं, पर जो प्रेजेंट गवर्नमेंट है, इस गवर्नमेंट ने अभी तक जो हमारा इसके बारे में कोई बात नहीं हो रही।*